तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 15 सितंबर 2024

13 हिंदी दिवस पर जोंदरापदर में की गई बाल काव्य गोष्ठी



14 सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की युगल गणेश की महाआरती





# कांगेर घाटी का सौंदर्य अनूठा, पर्यटकों के लिए फिर से खुला तीरथगढ़ जलप्रपात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित तीरथगढ़ जलप्रपात अपने मनमोहक दृश्य और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। हर वर्ष देश-विदेश से हजारों पर्यटक इस जलप्रपात की सुंदरता का आनंद लेने आते हैं। हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण जलप्रपात का जलस्तर काफी बढ़ गया था, जिससे पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी और खतरे वाले क्षेत्रों में जाकर दृश्य को कैमरे में कैद करने का प्रयास कर रहे थे। जिससे होने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए पार्क प्रबंधन ने जलप्रपात के नीचे जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। तीरथगढ़ जलप्रपात के बंद होने से कई पर्यटक निराश हो कर लौट रहे थे। उद्यान प्रबंधन की ओर से जल स्तर कम होने से पर्यटकों की सुविधा के लिए ऐतिहासिक तीरथगढ़ जलप्रपात को फिर से खुल गया। अब पर्यटक जलप्रपात के पहले पड़ाव तक जा सकते हैं और इसकी खूबसूरती का आनंद ले सकते हैं। हालांकि जलप्रपात के नजदीक, मंदिर और उससे नीचे के क्षेत्र में जाना और वहां नहाना प्रतिबंधित है।

## मंदिर और उससे नीचे जाना, जलप्रपात में नहाना प्रतिबंधित



### सुरक्षा नियमों का पालन करें

*उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जलप्रपात को बंद किया गया था। हालांकि अब जल स्तर कम हो जाने के कारण प्रवेश की अनुमति दी गई है। उन्होंने पर्यटकों से कहा कि दिए गए निर्देशों का पालन करें और अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। साथ ही निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन करें और प्राकृतिक धरोहर का सम्मान करें।*

## खबर संक्षेप



### दशरा-पसरा जीर्णोद्धार का कलेक्टर ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शनिवार को पुराने तहसील कार्यालय परिसर में दशरा-पसरा जीर्णोद्धार का जायजा लिया और सभी कार्यों को द्रुत गति से संचालित कर शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान मांझी डेरा को सबसे पहले पूर्ण करने कहा। ज्ञातव्य है कि ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने आने वाले पारंपरिक मांझी-चालकी के ठहरने के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराए जाने के लिए पुराने तहसील कार्यालय को दशरा-पसरा के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां पर बस्तर दशहरा पर्व में चलने वाले रथ की प्रतिकृति, ओपन थियेटर, म्यूजियम, आर्ट गैलरी, कैफेटेरिया इत्यादि निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस दशरा-पसरा के माध्यम से बस्तर दशहरा पर्व के बारे में करीब से जानने-समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही बस्तर की संस्कृति और विरासत को देखने का मौका मिलेगा।

### छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के लिए किया जागरुक



**जगदलपुर।** लोकतंत्र का महत्व संपूर्ण भारत में है लोकतंत्र को प्रायोगिक तरीके से विद्यार्थी समझें इसी उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोकापाल में विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों का चुनाव बैलट पेपर से किया गया। कक्षा 7वीं से 12वीं तक के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया। इस चुनाव प्रक्रिया में नामांकन, नाम वापसी, प्रतीक चिन्ह का आबंटन, निर्धारित समय सीमा में प्रचार, बूथ में मतदान, महिला पुरुष की अलग-अलग लाइन, बाएं हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही जैसा निशान की सारी व्यवस्था बनाई गई थी। विद्यार्थियों ने इसे जाना और समझा। चुनाव की प्रक्रिया में रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में प्राचार्य विधु शेखर झा थे। नोडल ऑफिसर उप प्राचार्य ईरम रहीम एवं श्रीदेवी सिंह थे। बूथ क्रमांक 1 के पीठासीन अधिकारी अर्पणा सिंह मतदान अधिकारी क्रमांक 1 लता जोशी एवं अधिकारी 2 तनय घोष थे। बूथ क्रमांक 2 में पीठासीन अधिकारी राजीव सिंह तथा मतदान अधिकारी नीलम भास्कर सरिता यादव थे।

## सीआरपीएफ जवानों ने शाला परिसर की साफ-सफाई की



**जगदलपुर।** 204 कोबरा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जो 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान में राकेश सिंह जून पुलिस उपमहानिरीक्षक, संतोष कुमार मल्ल कमांडेंट तथा अन्य अधीनस्थ अधिकारीगण व जवान उपस्थित रहे। अभियान में सबसे पहले 204 कोबरा ने आज स्वामी आत्मानन्द शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माड़पाल में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम अंतर्गत बल के जवानों ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता की दिशा में कई कदम उठाये। उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ मिलकर परिसर की सफाई की। कूड़ा उठाने और उसके निस्तारण की विधियों पर जागरूकता फैलायी। जवानों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि एक साफ-सुथरा वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है बल्कि यह एक सकारात्मक मानसिकता को भी प्रोत्साहित करता है। स्कूल प्रबंधन और छात्रों ने 204 कोबरा के इस प्रयास की सराहना की तथा भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने की इच्छा जताई। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक अशोक यादव ने बल के जवानों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को स्वच्छता के महत्व को समझने और अपनाने में मदद करते हैं।

**सियासत : साय के सुशासन में गरीबों का हक मारने वाला बचेगा नहीं : कश्यप**


# घोटाले के आरोपी से मिलने की आतुरता से पूर्व सीएम बघेल का डर उजागर : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ कोयला घोटाले में जेल में बंद आरोपी से मिलने पर भाजपा ने कसा तंज

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोयला घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपी सूर्यकांत तिवारी से नहीं मिलने देने पर बिफरे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सवालों की बौछार करते हुए पूछा है कि घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपियों से बघेल को क्या काम पड़ गया और वह सूर्यकांत से मिलने के लिए इतने उतावले क्यों हो गए? आरोपी तिवारी के पत्र लिखने के बाद से बघेल को कौन-सा डर सता रहा है? कश्यप ने कटाक्ष करते हुए बघेल से यह जानना चाहा है कि घोटाले के आरोपी सूर्यकांत से उनका क्या नाता है और यह रिश्ता कहलाता क्या है? उन्होंने कहा कि कोयला घोटाले में जेल में पिछले लगभग दो साल से बंद एक आरोपी, जिसे कई महीनों से जमानत तक नहीं मिल रही है, से मिलने की ऐसी आतुरता आईने की तरह साफ बता रही है कि बघेल को एक बड़ा डर सता रहा है।





ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो सूर्यकांत ने कोर्ट में याचिका लगाकर बघेल को यह इशारा कर दिया है कि अब वह ज्यादा दिन तक राज दफन नहीं कर सकता, ज्यादा दिन तक चुप नहीं रह पाएगा।

मंत्री कश्यप ने कहा कि घपलों-घोटालों के आरोपियों का जो संरक्षण भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री रहते हुए किया था, वह आज भी जारी है। अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का सुशासन चल रहा है और इसमें कोई कितना ही प्रलाप कर ले, छत्तीसगढ़ की गरीब जनता का पैसा खाने वाला व्यक्ति, उनका हक मारने वाला कोई व्यक्ति नहीं बचेगा। विष्णु के सुशासन में कानून अपना काम करेगा ही।

## पामेड़ पुल का निर्माण हुआ पूरा, पहुंच मार्ग तरक्की पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के दर्जनभर गांवों में होगी सहुलियत

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के बासागुड़ा से धरमावरम क्षेत्र में स्थित चिंताबागू नदी पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। वर्तमान में पुल का पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक माह बाद से पुल पर वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। पुल शुरू होते ही क्षेत्र के लगभग दर्जनभर गांवों के रिश्तों को पुल मजबूत करेगा। साथ ही आसानी से नदी पार हो पाएंगे, जिंदगी में बहार आ जाएगी। पहले पामेड़ एवं अन्य दर्जनों गांव में सीमावर्ती राज्य तेलंगाना में शादी करना आसान नहीं था, आवागमन सुगम नहीं था, लेकिन अब जिंदगी की रफ्तार बढ़ेगी। लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण द्वारा चिंगाबागू नदी में 260 मीटर लम्बा पुल 18 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण किया गया है।



### ईई ने किया निरीक्षण

लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता श्रीमती प्रज्ञा नंद ने बताया कि उन्होंने हाल ही में टीम के साथ पहुंचकर पुल का निर्माण का निरीक्षण किया है। साथ ही ठेकेदार को पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया है।

## भाजपा सदस्यता अभियान में ताकत झोंके कार्यकर्ता : चोपड़ा

प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान में जुड़ना अनिवार्य : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान की विधानसभा स्तरीय बैठक शनिवार को हुई। जिसमें धमतरी के पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने मण्डल के अध्यक्षों, पार्षदों, पदाधिकारियों से सदस्यता अभियान संबंधी कार्यो की जानकारी लेकर सभी को सदस्य बनाने के कार्य में तेजी लाने कहा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, सभी कार्यकर्ताओं को समय सीमा में सदस्यता कार्य के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। घरों तक पहुंच कर कार्यकर्ता आमजन से संपर्क बनायें और संवाद स्थापित कर भाजपा से जुड़ने आग्रह करें। जनता के मध्य जाने का लाभ पार्टी को मिलेगा। बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान के लिये संगठन के बड़े चेहरे भी बूथ स्तर में पहुंच कर बैठकें लेकर सदस्य बनाने सहभागी बन रहे हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता अभियान में अनिवार्यता के साथ कार्य करना है। सदस्यता कार्यक्रम की नियमित समीक्षा की जा रही है, कार्यकर्ता अपने क्षेत्र व बूथ स्तर पर सघन संपर्क स्थापित कर भाजपा के सदस्य बनाने शक्ति लगायें। जिला अध्यक्ष रुपसिंह मण्डावी ने सदस्यता अभियान को गंभीरता से लेने कहा। संचालन रामाश्रय सिंह व आभार संयोजक योगेन्द्र पाण्डेय ने माना। इस दौरान वेदप्रकाश पाण्डेय, महापौर सफीरा साहू, संतोष बघेल, रजनीश पाणिग्रही, मनोहर तिवारी, आलोक अवस्थी, सुब्रतो विश्वास, सुरेश गुप्ता, फूल सिंह सेठिया, आर्येन्द्र आर्य, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, यशवर्धन राव, भारती श्रीवास्तव, राजपाल कसेर, त्रिवेणी रंधारी, नीलम यादव, श्वेता बघेल, नेहा धुरव, महेन्द्र पटेल, शंभू नाग, राणा घोष, मनोज पटेल, प्रकाश झा, अतुल सिम्हा, रघु सेठिया, सूर्य भूषण सिंह, नीलांबर सेठिया, राधे सेठिया,जीतेन्द्र सेठिया, राधेश्याम पंद्रे, मुरली सेठिया समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**21 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले आयोजनों से दिखाई जाएगी बस्तर संस्कृति की झलक**

# दहशरा को भव्य बनाने और ज्यादा से ज्यादा सैलानियों को आकर्षित करने की है तैयारी

जिला प्रशासन पहली बार दहशरा को बस्तर मड़ई का दे रहा रूप : कलेक्टर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा को भव्य रूप देने और विभिन्न प्लेटफॉर्म के जरिये पर्यटकों को आकर्षित करने जिला प्रशासन पूरी तैयारी की है। बस्तर के चर्चित पर्यटन स्थलों के साथ दशहरा में ज्यादा से ज्यादा बाहर से पर्यटक जुड़े इस पर काम किया जा रहा है। यह जानकारी कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कलेक्टोरेट में शनिवार को पत्रवार्ता में दी। उन्होंने बस्तर मड़ई को लेकर किये गए रोड मेप साझा किया। जिसमें 21 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विविध आयोजनों के विषय में विस्तार से जानकारी है। पूरे आयोजन में बस्तर की मूल संस्कृति को बढ़ावा देने की बात उन्होंने कही। उन्होंने बताया वैसे तो बस्तर दशहरा का श्रीगणेश 4 अगस्त को पाटजात्रा से हो चुकी है। 16 सितंबर को डेरी गढ़ाई विधान होगा। बस्तर मड़ई के लिए 11 सितंबर को बैठक हुई। जिसमे मंत्री, जनप्रतिनिधि, एसपी, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में बस्तर मड़ई को लेकर कार्य योजना बनाया गया। इस आयोजन के जरिये ज्यादा से ज्यादा सैलानी लाने की कोशिश कर रहे है। जिसमें बस्तरिया कल्चर को प्रस्तुत करने पर पूरा फोकस होगा। पुरातत्व मंदिर को भी सर्किट के रूप में दर्शाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा सैलानी जब भी बस्तर पहुंचते है चित्रकोट, तीरथगढ़ गुफा या मंदिर जाते हैं अब प्रयास रहेगा कि सैलानी दिन भर और भी अलग-अलग जगह घूम सके। उसके लिए बस्तर मढ़ई की शुरुवात किया गया है।



### 21 सितंबर को शुरू होगा पासपोर्ट कार्यालय

कलेक्टर ने कहा इस मड़ई में पूरे संभाग को लेकर आगे बढ़ रहे है ताकि लोकल को रोजगार मिले। 21 सितंबर को पासपोर्ट ऑफिस खुलना है। बस्तर मड़ई की तिथिवार कार्यक्रम तैयार किया गया है। 21 से 1 तारीख तक फ्री मार्केट लगाए जायेंगे। 22 को मोचो पिंदना का बस्तर के मूल लोगों की वेशभूषा संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया जायेगा। 23 को एमएलबी स्कूल में रंगोली स्पर्धा, 23 को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता जिसमे 3 स्थानों का चयन किया गया है जिससे चित्रकारी (आर्ट) की प्रतियोगिता होगी। 24 को बस्तर नाचा, 25 को बस्तर पेंटिंग, 26 को फोटोग्राफी स्पर्धा वीर सावरकर भवन में किया जाएगा। 27 सितंबर को पारंपरिक लोक संगीत कार्यक्रम 13 समूह के द्वारा किया जायेगा। 28 को फिऊजन संगीत, 29 को दलपत सागर में कवि सम्मेलन, 30 को बस्तरिया नाचा, 1 अक्टूबर को फ्लैशमॉब और 2 अक्टूबर से फ्री मार्केट को कनवर्ट किया जायेगा। प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रम किये जायेंगे।





# Happy ENGINEER'S DAY

15th SEPTEMBER 2024



## सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की जन्म जयंती पर शत् शत् नमन...

एवं अभियंता दिवस की बस्तर संभाग के समस्त अभियंताओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं...



**इंजी. जी. आर. रावटे**
मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र




**इंजी. डी.एल.टेकाम**
अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, जगदलपुर वृत्त



**इंजी. ए.के.सिंह**
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग क्रं-01



**इंजी. धनुष सिंह नेताम**
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग क्रं-02



### इंजीनियर्स डे

15 सितंबर को इंजीनियर्स डे इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1860 में देश के महान इंजीनियर और भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म हुआ था। इन्होंने देश की रचना कर भारत को एक नया रुप दिया है, जिसे शायद ही कोई भूला पाए। ये दिन देश के इंजीनियरों के प्रति सम्मान और उनके कार्य की सराहना के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष हम उनकी 162वीं जयंती मना रहे हैं। भारत सरकार द्वारा साल 1968 में डॉ. एम विश्वेश्वरैया की जन्मतिथि को इंजीनियर्स डे के रूप में घोषित किया गया था। उसके बाद से हर साल 15 सिंतबर को इंजीनियर्स डे मनाया जाता है। 15 सितंबर 1860 में मैसूर के कोलार जिले में पैदा हुए डॉ. एम विश्वेश्वरैया के पिता श्रीनिवास शास्त्री संस्कृत के विद्वान और आयुर्वेद चिकित्सक थे। विश्वेश्वरैया की मां का नाम वेंकाचम्मा था। साधारण परिवार में जन्मे एम विश्वेश्वरैया जब मात्र 12 वर्ष के थे, तो उनके पिता का निधन हो गया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की और फिर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री ली। जिसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने इन्हें नासिक में सहायक इंजीनियर के  पद पर नियुक्त किया। जब वह केवल 32 वर्ष के थे, उन्होंने सिंधु नदी से सुक्कुर कस्बे को पानी की पूर्ति भेजने का प्लान तैयार किया जो सभी इंजीनियरों को पसंद आया। सरकार ने सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के उपायों को ढूंढने के लिए समिति बनाई। इसके लिए एमवी ने एक स्टील के दरवाजे बनाकर नए ब्लॉक सिस्टम को ईजाद किया और पानी के बहाव को रोक दिया। आज यह प्रणाली पूरे विश्व में प्रयोग में लाई जा रही है। विश्वेश्वरैया ने मूसा व इसा नामक दो नदियों के पानी को बांधने के लिए भी प्लान तैयार किया था। इसके बाद उन्हें मैसूर का चीफ इंजीनियर नियुक्त किया गया। सर विश्वेश्वरैया को न केवल भारत सरकार द्वारा प्रशंसा मिली, बल्कि दुनिया भर से मानद पुरस्कार और सदस्यता भी मिली। 101 साल की उम्र में 14 अप्रैल 1962 को उनका निधन हो गया। लेकिन उनका जीवन आज भी हमारे देश के सभी इंजीनियरों के लिए प्रेरणा स्रोत है।



**इंजी. आर. के.गुरु**
कार्यपालन अभियंता
लोनिवि, राष्ट्रीय राजमार्ग



**इंजी. प्रज्ञा नंद**
कार्यपालन अभियंता
लोनिवि सेतु निर्माण संभाग



**इंजी. वीना वासनीकर**
अनुविभागीय अधिकारी
लोनिवि विद्युत यांत्रिकी



**इंजी. एस.एन.साहा**
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग



**इंजी. आर.एन. सिन्हा**
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग



**इंजी. आर.के.बत्रा**
अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग



**इंजी. श्रीनिवास कोरम**
अनुविभागीय अधिकारी
लोनिवि सेतु निर्माण संभाग



**इंजी. गंभीर सिंह सोरी**
अनुविभागीय अधिकारी
लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल



**इंजी. एस.के.भगत**
अपर आयुक्त
गृह निर्माण मंडल (प्रक्षेत्र)



**इंजी. सी.के. ठाकुर**
उप आयुक्त
गृह निर्माण मंडल (प्रक्षेत्र)



**इंजी. के.के. कश्यप**
कार्यपालन अभियंता
गृह निर्माण मंडल (विद्युत)




**इंजी. केयूर वैद्य**
अनुविभागीय अधिकारी
गृह निर्माण मंडल






## हिंदी दिवस पर जोंदरापदर में हुई बाल काव्य गोष्ठी

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में 14 सितम्बर को संविधान सभा द्वारा हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में अंगीकार किये जाने के 75 वर्ष पुर्ण होने पर प्रधान अध्यापक मधु तिवारी ने परिचर्चा एवम बाल कव्य गोष्ठी का आयोजन किया। बच्चों में एन ई पी 2020 के लक्ष्य के अनुरूप बच्चों में मूलभूत भाषाई कौशल बढ़ाने बच्चों को अपनी मातृभाषा व हिंदी पुस्तकों में अभिरुचि जागृत करने हिंदी दिवस पर कविताएं व कहानी वाचन में उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रधान पाठक मधु ने राजभाषा हिंदी को भारत को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा बताया। हिंदी एक मात्र भाषा है जिसका अन्य भाषाओं को आत्मसात करने की क्षमता उसे राष्ट्र गौरव प्रदान करती है। शिक्षिका स्मिता नेताम ने भी हिंदी के महत्व पर विचार रखे। इस अवसर पर सही हिंदी उच्चारण पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया।






## खबर संक्षेप

### आंबा केन्द्रों में लिया जा रहा है बच्चों का वजन



**बीजापुर।** बीजापुर में कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार 12 से 23 सितम्बर तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चकियार ने बताया कि वजन त्यौहार मनाने का मूल उद्देश्य बच्चों के वजन के माध्यम से बच्चे के पोषण स्तर की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना है। बच्चों में सामान्य तौर पर कुपोषण के तीन स्वरूप है अल्प वजन, बौनापन और दुबलापन की जानकारी। वजन त्यौहार के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का वजन एवं ऊंचाई माप कर एकत्र किया जाता है और इसके निदान हेतु कार्यवाही की जाती है। अधिकारी ने बताया जिले में कुल 1179 संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज 0 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का माप लिया जावेगा। इसके तहत लगभग 32584 बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का माप आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से लिया जाना है।

### आईटीआई कॉलेज में हुआ नशामुक्ति कार्यक्रम



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत 13 सितम्बर को शासकीय आईटीआई कॉलेज बीजापुर में नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी योजना के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया। राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्रों के बारे में वहां के छात्र-छात्राओं को बताया गया। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास एवं अंत्यावसायी के अधिकारी भी अपने विभाग की जानकारी के साथ नशे से हम कैसे दूर रहें, इसके बारे में प्रकाश डाला एवं कार्यक्रम के अंत में नशामुक्ति हेतु शपथ लिया गया।

### हिंदी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**गीदम।** नगर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम सहित विभिन्न विद्यालयों में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के मध्य हिंदी से संबंधित प्रश्नोत्तरी, कविता व सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, हमें अपने बोलचाल में हिंदी भाषा का उपयोग करना चाहिए। भारतीय संस्कृति में हिंदी को मातृ भाषा का दर्जा दिया गया है। यह महज भाषा नहीं बल्कि भारतीयों को एकता व अखंडता के सूत्र में पिरोती है। हिंदी को मन की भाषा कहा जाता है। हिन्दी दिवस हर साल 14 सितंबर को देशभर में मनाया जाता है।

### निधन

#### दिनेश सिंघल

**जगदलपुर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी पीएचई के सेवानिवृत्त एसडीओ दिनेश सिंघल (68) का शुक्रवार को हृदयाघात से निधन हो गया। वे अंकुश सिंघल के पिता व पंकज सिंघल के चाचाजी थे। शनिवार को अंतिम यात्रा उनके निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें समाज के लोगों समेत बड़ी संख्या में शहरवासी और विभाग के लोग शामिल थे। वे पुत्र, पुत्री, नाती, पोते, भाईयों का भरापूरा परिवार छोड़ गए।



## बारसूर के युगल गणेश हमारे राज्य का गौरव

# सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की युगल गणेश की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

लगभग सोलह सौ वर्ष प्राचीन दक्षिणमुखी युगल गणेश जी की आरती में आज दंतेवाड़ा जिले सहित प्रदेश भर के श्रद्धालु सम्मिलित हुए। शिवानंद आश्रम गुमरगुंडा के स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती के सानिध्य एवं दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी के मुख्य आतिथ्य में महाआरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रातःकाल से ही गणेश पंडाल में भजन-कीर्तन किया गया। रायपुर, दुर्ग, कोंडागांव, नारायणपुर, जगदलपुर एवं महाराष्ट्र राज्य से भी आये सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने महाआरती में भाग लिया। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। विधायक चैतराम अटामी ने आश्वासन दिया कि हजारों वर्ष प्राचीन एवं विश्व-विख्यात युगल गणेश जी के मंदिर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए केंद्रीय पुरातत्व विभाग एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ सरकार से चर्चा कर आवश्यक सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु आग्रह किया जायेगा। स्वामी विशुद्धानन्द ने कहा कि बारसूर के युगल गणेश जी हमारे राज्य का गौरव हैं। देश-विदेश से लोग यहां दर्शनार्थ आते हैं। अतः श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं सहित आयोजन पर भी शासन-प्रशासन को सहभागिता करनी ही चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों सहित केआर नाग, भुवनेश्वर भारद्वाज, पारस ठाकुर, राजेश नाग, अभिमन्यु सोनी, जसवीर नेगी, विश्वनाथ भारद्वाज, अनिल नाग, श्यामलाल सलाम सहित शिवानंद आश्रम, पतंजलि परिवार, गायत्री परिवार के सैंकड़ों परिजन उपस्थित रहे।



# राशन वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: गवेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- प्रभारी खाद्य अधिकारी ने किया उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य जिला बीजापुर द्वारा गुरूवार को विकासखंड बीजापुर अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उचित मूल्य दुकान में साफ-सफाई, वितरण पंजी, स्टाक पंजी का संधारण नहीं पाया गया। जिस पर डिप्टी कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए दो दिवस के भीतर उपरोक्त कार्रवाई पूर्ण कर सभी राशन कार्ड धारी को निशुल्क चांवल एवं निर्धारित दर पर शक्कर, नमक, गुड़, चना वितरण करने के निर्देश दिए गए। गवेल ने कहा कि सभी दुकान नियमित रूप से खुले होने चाहिए। दुकान में साफ-सफाई होना सुनिश्चित करें। वितरण पंजी, स्टॉक पंजी संधारित करें। दुकान निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से खुले होना चाहिए। किसी भी हितग्राही को राशन नहीं मिलने की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए।

डिप्टी कलेक्टर गवेल ने बताया कि सभी सरपंच राशन वितरण की समुचित मॉनिटरिंग करें। यदि किसी को राशन नहीं मिलता है, तो वे जिला खाद्य कार्यालय में इसकी सूचना दें, ताकि समय पर निराकरण किया जा सके। सभी दुकानदारों को समय पर डीडी राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया एवं माह के प्रथम सप्ताह से राशन वितरण करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। चांवल के साथ-साथ शक्कर, नमक, चना भी वितरण करने के निर्देश दिए गए।



# राज्य स्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

24वीं राज्यस्तरीय शालेय कराते प्रतियोगिता 8 से 11 सितम्बर तक, जगदलपुर के प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित किया गया था। जिसमें बस्तर संभाग के बीजापुर जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें से 5 खिलाड़ियों ने मेडल लाकर जिले का नाम रोशन किया है। शलोनी कट्म और शिवपाल कुड़ियम ने सिल्वर मेडल लाकर अंडर 17 में अपना दूसरा स्थान बनाया। वहीं परी लिंगम ने अंडर 14 में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीजापुर के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम के रितेश कट्म और बुलबुल कुड़ियम ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय शालेय नेशनल प्रतियोगिता अंडर 17 के लिए अपना जगह बना लिया है। बच्चों में खेल के प्रति उत्साह बना रहे व खिलाड़ियों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी की कराते कोच माला ठाकुर का बेहतर मार्गदर्शन रहा।



# कलेक्टर ने किया विभिन्न संस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने बुधवार को बीजापुर स्थित एजुकेशन सिटी के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और मौके पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सर्वप्रथम लाईवलीहूड कॉलेज पहुंचकर विश्वकर्मा सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल प्रशिक्षण का अवलोकन कर प्रशिक्षुओं से आवश्यक चर्चा कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ने के लिए मार्गदर्शन दिए। लाईवलीहूड कॉलेज में कम्प्यूटर 17, इलेक्ट्रिकल 14, सिलाई 20, मोटर साईकिल 20 प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं। तत्पश्चात आदर्श कन्या आश्रम का निरीक्षण करते हुए छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में शिक्षकों को विषय आधारित सेवाकालीन प्रशिक्षण दी जा रही। कलेक्टर ने शिक्षकों को सेवा भाव एवं समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया।

कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं के हॉस्टल का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों से मिलने सक्षम संस्था में पहुंचकर उनको दी जाने वाली सुविधाएं एवं उनके पढ़ाई की पद्धति को देखा। इसी तरह छू लो आसमान, एकलव्य विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

तीरंदाजी एवं फुटबॉल के कोच से खेल गतिविधि, खेल में उपलब्धि सहित खेल मैदान के बारे में चर्चा किया। सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने एजुकेशन सिटी में संचालित सभी शैक्षणिक संस्थाओं के बारे में कलेक्टर संबित मिश्रा को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



# गणेशोत्सव पर विजयी प्रतिभागियों को दिए ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

नगर के नीलगिरी पार्क वार्ड क्रमांक 9 में शुक्रवार शाम गणेशोत्सव के सातवें दिन एनएमडीसी बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स के प्रमुख संजीव साही मुख्य महाप्रबंधक सपत्नीक एवं राजेश संधू सपत्नीक संयुक्त रूप से पूजा आराधना एवं आरती किए।

तत्पश्चात राजा कुमार महाप्रबंधक उत्पादन और संजय कोचर महाप्रबंधक माइंस भी अपने परिवार के साथ गणेश जी की पूजन में सम्मिलित हुए। इसके पश्चात अलग-अलग दिनों में कमेटी द्वारा विभिन्न तरह के गेम में विजयी प्रतिभागियों को सीजीएम व उनकी पत्नी के हाथों ईनाम दिया गया।

इस मौके पर नीलगिरी पार्क परिवार के अध्यक्ष महेश संबेटा, सचिव सुखराम गावड़े, कोषाध्यक्ष कृष्णा बल्लभ आचार्या, संरक्षक व्हीएस राठौर,सहित नीलगिरी पार्क के सभी सदस्य पुरूष, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# 114 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले के दंतेवाड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत केशापुर में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पंचायत पदाधिकारियों सहित अधिकारियों ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्या शिकायतें सुनी और निराकरण हेतु आवश्यक पहल किया।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयंत नाहटा ने विभाग द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण करते हुए शासन के द्वारा दिए जा रहे योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए, इसका लाभ शिविर में आए आमजनों को देने को कहा। नाहटा ने भी ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए इन योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास की दिशा में अग्रसर होने का आग्रह किया। इसके अलावा शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों से विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्या शिकायतों से अवगत कराने का आग्रह करते कहा कि यहां ग्रामीण जन संबंधित विभाग को अपनी शिकायतों और समस्याओं से अवगत करावें और मौजूद अधिकारीगण ग्रामीण जनों की समस्याओं को हल करने में त्वरित कार्रवाई करें।



### मिले 289 आवेदन

उक्त शिविर में प्राप्त लगभग 289 आवेदन पत्रों में से 114 प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया। इस शिविर में कृषि विभाग द्वारा समसामयिक कृषि सलाह, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संक्रामक बीमारियों से बचाव एवं उपचार संबंधी परामर्श सहित शुद्ध पेयजल का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन सेवन तथा स्वच्छता एवं साफ-सफाई की समझाईश ग्रामीणों को दी गई।




# बस्तर की पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण हो : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल गत दिवस गृह ग्राम गिरोला में सहपरिवार माता हिंगलाजिन एवं कुलदेवी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। नुवाखाई,बस्तर का एक प्रमुख कृषि त्यौहार है। इसे मौसम के नए चावल का स्वागत करने के लिए मनाया जाता है। इस त्यौहार में लोग अपने घरों की साफ-सफाई और लिपाई-पुताई करके नई फसल के स्वागत के साथ लोग ढोल, झांझ और शंख की ध्वनि के साथ हुलहुली भी देते हैं।

बस्तर विधायक ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण के लिए यह कार्यक्रम अब इस मुकाम पर पहुंच गया है कि इसका लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। यह कार्यक्रम सतत जारी रहेगा। आप लोगों से मेरा यही आग्रह है कि अपनी परम्परा को सदैव संजोकर रखें, यही हमारी मूल संस्कृति की एक अलग पहचान है। बस्तर की परंपरा संस्कृति का संरक्षण हो यही नुवाखानी जोहार भेंट कार्यक्रम का उद्देश्य है।



### सरस्वती शिशु मंदिर में 16 से होंगे विविध प्रतियोगिताएं

**जगदलपुर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर जगदलपुर विभाग के तहत विभाग स्तरीय खेलकूद , गणित, विज्ञान एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन 16 से 18 सितंबर तक किया जाएगा। उद्घाटन समारोह सोमवार दोपहर 2 बजे शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उमावि कंगोली में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विवेक सोनी सीए अध्यक्ष इंटरनेशनल रोटरी क्लब ऑफ इंडिया, अध्यक्षता कुंवर राजबहादुर सिंह राणा अध्यक्ष जागृति मंडल ट्रस्ट रायपुर अध्यक्ष श्री वेदमाता गायत्री शिक्षण समिति कंगोली होंगे। समापन समारोह बुधवार को 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि महेश कश्यप सांसद बस्तर, अध्यक्षता कुंवर राजबहादुर सिंह राणा एवं विशिष्ट अतिथि सफीरा साहू महापौर नगर निगम होंगी। उक्त जानकारी विभाग प्रमुख मनोज देव ने दी है।







Happy
ENGINEER'S
DAY
15th SEPTEMBER 2024
CSPDCL
सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की जन्म जयंती पर शत् शत् नमन...
एवं अभियंता दिवस की बस्तर संभाग के समस्त अभियंताओं को बहुत बहुत शुभकामनाएं
इंजी. एस.के.ठाकुर
कार्यपालक निदेशक
विद्युत वितरण कंपनी, जगदलपुर क्षेत्र
इंजी. एन.के.पोयाम
अधीक्षण अभियंता
विद्युत वितरण कंपनी
इंजी. एस.एस. पांडव
अधीक्षण अभियंता
विद्युत वितरण कंपनी
इंजी. एच.के. ध्रुव
कार्यपालन अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. सुदीप खेस
कार्यपालन अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. दिलीप कुमार सैनी
कार्यपालन अभियंता
सीएसपीडीसीएल
प्रोजेक्ट
इंजी. सलीम खान
कार्यपालन अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. संजय द्विवेदी
कार्यपालन अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. चित्रा खत्री
कार्यपालन अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. एनएस कंवर
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. नंदलाल काशी
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. पन्ना अहिरवार
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. अरविंद खोबरागड़े
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. राजेन्द्र नेताम
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. विनोद टंडन
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. लीलावती टंडन
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. एसआर भद्रे
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. थानसिंह उइके
सहायक अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. कुंदन ध्रुव
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. रश्मि ध्रुव
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. स्वाती श्रीवास्तव
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. पिंकी नाग
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. दीपीका पटेल
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. विवेक सिंह
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. देव प्रसाद कोठारी
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. देव चरण मांझी
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. राकेश जगत
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. बहादुर उरांव
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल
इंजी. अजय ठाकुर
कनिष्ठ अभियंता
सीएसपीडीसीएल

## खबर संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक आज

जगदलपुर। गैर आदिवासियों द्वारा भूमि की लीज और ऋण लेकर मूल आदिवासी भूस्वामी को कर्जदार बनाने की घटनाओं को लेकर 15 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे गोंडवाना भवन बीजापुर में बैठक होगी। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने समाज प्रमुख, पदाधिकारियों से शामिल होने की अपील की है।

### वरिष्ठ नागरिकों को बताई गई उनके अधिकार और कर्तव्य



जगदलपुर। सचिव व्यवहार न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. अंकिता कश्यप की उपस्थिति में ग्राम बड़ांजी में विधिक जागरूकता के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बड़ांजी के पंचायत भवन में नालसा (वरिष्ठ नागरिकों को विधिक सेवाएं) स्कीम 2016 के अंतर्गत उनके अधिकारों तथा विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें लाभ लेने प्रेरित किया। जागरूकता शिविर के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराते हुए उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ लेने प्रेरित किया। शिविर में मरीजों की जांच कर दवाईयां व बीमारी के संबंध में परामर्श दिया गया।

### अनुभवी चिकित्सक करेंगे बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

जगदलपुर। रोटरी क्लब ने बच्चों के स्वास्थ्य के हित में शहर में अत्युतम डॉक्टर टीम के द्वारा बच्चों का मेडिकल जांच किया जाएगा। इस टीम में ए.आई.आई.एम.एस के विश्वसनीय एवं अनुभवी डॉक्टर है जो एडवांस्ड मशीन तथा तकनीक द्वारा बच्चों के हेल्थ की जांच करेंगे और विस्तृत रिपोर्ट दी जाएगी। कक्षा 1 से 10वीं के विद्यार्थियों के हेल्थ चेक अप की व्यवस्था रोटरी हाल में 18 से 22 सितंबर तक होगी। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। रजिस्ट्रेशन के लिए बच्चें अपने स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं से संपर्क कर सकते हैं।

### महिला प्रतिभागियों को आवासीय प्रशिक्षण



जगदलपुर। बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसना, में छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संगठन में विजनिंग-1 प्रक्रिया प्रशिक्षण सह अभ्यास अंतर्गत 12 से 15 सितंबर तक चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्य प्रदान किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था बादल, आसना के आवासीय भवन में किया गया है। इस प्रशिक्षण में बस्तर संभाग के सात जिलों से पहुंचे स्वसहायता समूह के रिसोर्स पर्सन कैडरों को संस्था के द्वारा विजनिंग-1 के अंतर्गत जानकारी प्रदान की जा रही है।

### कोतवाली पुलिस ने व्यापारियों की सुनी समस्या

# संजय बाजार व इंदिरा वार्ड में चलित थाना लगा पुलिस ने सायबर फ्रॉड से बचने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ दुकानों के सामने सीसीटीवी लगाने की अपील




कोतवाली पुलिस द्वारा शहरी क्षेत्रों में चलित थाना लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रही है। लोगों को अपराधों की जानकारी देते हुए उससे बचने के उपाय बताए जा रहे है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चलित थाना को आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कोतवाली पुलिस द्वारा पिछले तीन दिन से अलग अलग क्षेत्रों में चलित थाना का आयोजन किया जा रहा है। कोतवाली टीआई शिवानंद सिंह व टीम द्वारा जनता व पुलिस के बीच सहयोगात्मक व बेहतर संबंध स्थापित करने संजय बाजार, इंदिरा वार्ड में चलित थाना का आयोजन किया गया था। गुरूवार को कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो् में वार्डवासियों की समस्याएं सुनी जा रही है और लोगों को सायबर फ्रॉड से बचने व अपराधों व अपराधियों की जानकारी तत्काल देने अपील की जा रही है जिससे होने वाली घटनाओं पर अकुंश लगाया जा सके। वार्डवासियों से किराएदारों की जानकारी व बाहरी लोगों के सबंधं में जानकारी देने कहा गया। शुक्रवार को भी शहर के संजय बाजार में चलित थाना लगाकर कोतवाली पुलिस ने व्यापारियों के साथ मीटिंग की।

इस दौरान कोतवाली टीआई शिवानंद सिंह ने व्यापारियों की समस्याएं सुनी तथा सुझाव दिए। व्यापारियों से दुकानों के बाहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने अपील की गई जिससे होने वाले अपराधों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इस दौरान संजय बाजार व्यापारी संघ अध्यक्ष पकंज सिंघल, सह सचिव विष्णु ठाकुर समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

## 50वीं बटालियन ने चलाया स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

स्वच्छ भारत अभियान पहल और समुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 50वीं बटालियन ने आज बालक आश्रम इंजराम में स्वच्छता अभियान चलाया। यह स्वच्छता अभियान दुर्गा राम द्वितीय कमान अधिकारी, अमृतेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, रेमता राम चौधरी उप कमांडेंट, डॉ. नितीश कुमार, एसएमओ महाराना, बीएन. सिंह सहायक कमाण्डेंट एवं 50वीं बटालियन में कार्यरत अन्य कार्मिकों के मार्गदर्शन में चलाया गया। जिसमें बालक आश्रम के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य आश्रम परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता में सुधार रखने के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। सफाई के प्रयासों के अलावा, सीआरपीएफ कार्मिकों ने बच्चों के साथ मिलकर उन्हें स्वच्छता प्रभावों एवं अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व के बारे में समझाया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के बारे में युवा पीढ़ी में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है।


## 80 बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

80 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने शनिवार को स्वच्छता अभियान के अन्तगर्त स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जो 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। कार्यक्रम में 80 वीं वाहिनी के साथ महापौर सफीरा साहु एवं निगम पार्षदों व आमजनों के द्वारा साथ न्यू बस स्टैन्ड में साफ सफाई की। जिसका उद्देश्य आम जनता में स्वच्छता अभियान की भावना को जागृत किया जा सके। 80 वीं वाहिनी के द्वितीय कमांडेंड सुबीर रॉय व पुरुषोत्तम कुमार, उप कमांडेंड मकसूद आलम, चिकित्सा अधिकारी डॉ पी. वेंकट विकाश, सहायक कमांडेड हेम राज ब्यास व अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया। साथ ही संकल्प लिया गया कि हर घर, मोहल्ला में साफ सफाई कर जनता के बीच स्वच्छता अभियान की भावना को जागृत करेंगे।

## गणेशोत्सव...



जगदलपुर। ग्राम घाटपदमूर भाटागुड़ा पारा तिरंगा चौक युवा गणेशोत्सव समिति।

## पौधा भेंट कर पर्यावरण का संदेश...



जगदलपुर। पंचपथ चौक गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने सिन्धी समाज अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी को पर्यावरण बचाओ का संकल्प दिलाकर पौधा भेंट किया।

## कोएनार में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले अंतर्गत दरभा ब्लाक के ग्राम कोएनार में अचानक से फैली बीमारी ने 2 लोगों की जान ले ली। इस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल टीम ने शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दरभा बीएमओ पीएल मंडावी की 10 सदस्यीय टीम कोएनार पहुंची, ग्रामीणों का बीपी, शुगर, मलेरिया से लेकर अन्य प्रकार का जांच किया गया।

## बस्तरिया राज मोर्चा के संयोजक चुने गए मनीष कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम परपा स्थित कोया कुटमा सामाजिक भवन में बस्तरिया राज मोर्चा का विधिवत गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता धाकड़ समाज के संभागीय अध्यक्ष तरूण सिंह ठाकुर ने किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने सभा को सम्बोधित करते बस्तर के लिये इस संगठन की जरूरत बताया तथा उम्मीद जताया कि स्थानीय लोगों के हितों व अधिकारों के लिये संघर्ष होना चाहिए। माहरा समाज के संभागीय अध्यक्ष राजू बघेल, संरक्षक विनय सोना, पनका समाज के संगठन प्रभारी मानिक राम पंत, जिला उपाध्यक्ष राजेश दास, यादव समाज के संरक्षक दिनेश यदु, साहू समाज के क्षेत्रीय संरक्षक पालन राम साहू, हरिश साहू, सेन समाज के प्रदेश संयुक्त सचिव मन्नू सेन ने समाज की ओर से वक्तव्य दिया। कोया समाज के संभागीय अध्यक्ष हिड़मों मण्डावी उपस्थित थे। रामा सोड़ी ने संयोजक के रूप में मनीष कुंजाम का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन राजू बघेल ने किया। उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर समर्थन किया। वक्ताओं ने पर्चे में उल्लेखित मुद्दों व मांगों का समर्थन किया और कहा कि आगे और मुद्दे जोड़े जाने चाहिए। इस अवसर पर अधिवक्ता देवदास कश्यप, गंगा कुहरामी, सुदरू कुंजाम, जी.आर. नेगी, महेश कुंजाम, राजेश नाग, लक्ष्मण कुंजाम, हड़मा मड़कम, उमेश सोरी, कोवासी हांदा, देवा मण्डावी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## आदिवासी अपने अधिकार और कर्तव्य को पहचानें : लखमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ समस्याएं हर जगह है निराकरण तो खुद करना पड़ेगा



पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने आदिवासी समन्वय मंच के द्वारा हिमांचल प्रदेश के सोलन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आदिवासियों को अपने अधिकार और कर्तव्य को खुद पहचानना पड़ेगा। समस्याएं हर जगह है लेकिन आदिवासी को स्वयं आगे बढ़कर इसका निराकरण करना पड़ेगा। अपने साफगोई के लिए प्रसिद्ध लखमा ने भरे मंच में कहा कि मैं खुद अनपढ़ हूं मेरे गांव में स्कूल नहीं था इसलिए मैं पढ़ नहीं पाया। मेरे पिता और उनके भाई भी कभी स्कूल नहीं गए। सबसे पहले मैं पंच का चुनाव लड़ा और वहां से अपनी राजनीतिक सफर को शुरू किया। धीरे-धीरे लोगों से मिलते हुए गांव से बाहर निकला और जिले से होकर शहर तक पहुंचा फिर मौका मिलता गया और एमएलए और मंत्री भी बना। उन्होंने मंच से कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही जीवन का सही आनंद ले सकता है। क्योंकि पढ़ा लिखा व्यक्ति को यह मालूम होता है कि जीवन में कहां-कहां और किस स्तर तक सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं। आयोजकों ने कवासी लखमा का परंपरागत तरीके से स्वागत कर उन्हें प्रदेश की प्रसिद्ध टोपी पहनाई। वहीं अपने अंदाज में लखमा ने तीर चलाकर लोगों को भी प्रभावित किया। वे हिमांचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुखू से मिले और छत्तीसगढ़ के विषय में चर्चा की।

## सत्संग भवन के लिए सांसद को ज्ञापन



जगदलपुर। स्वर्वेद यात्रा के उपलक्ष्य में सांसद महेश कश्यप के विकासखंड बकावंड में आगमन पर सत्संग भवन निर्माण के लिए राशि जारी किए जाने पर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान उन्हें धार्मिक आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही भवन निर्माण होने पर सत्संग और अन्य कार्यक्रमों में सुविधा होने कहा गया।

## स्कार्पियो में सायरन एवं नेम प्लेट का उपयोग करने वाले पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




दंतेवाड़ा जिले के थाना किरन्दुल पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन स्कार्पियो में पुलिस सायरन एवं पुलिस नेम प्लेट का उपयोग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ आज कार्यवाही की गई।

जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अवैध गतिविधियों एवं अपराधों को रोकथाम के लिए पुलिस के उच्चाधिकारियों के मार्ग दर्शन एवं कपिल चंद्रा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरन्दुल के पर्यवेक्षण में निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू थाना प्रभारी किरन्दुल के नेतृत्व में लगातार रात्रि पेट्रोलिंग एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर कार्यवाही कर रही है। इसी तारतम्य में 12 सितंबर के रात्रि में पेट्रोलिंग के दौरान बस स्टैंड के पास रात्रि करीबन 12.35 बजे एक सफेद रंग के स्कार्पियो का चालक अपने वाहन को तेजगति से चलाते हुये दौड़ाकर पेट्रोलिंग वाहन को क्रॉस किया। जिसके सामने शीशे के पास पुलिस का नेम प्लेट लगा हुआ तथा पुलिस का हुटर बज रहा था व सभी डोर ग्लास में ब्लैक फिल्म एवं सामने रंग बिरंगे लाइट लगा रखा था। जो देखने में ही संदिग्ध लग रहा था, जिसे थाना प्रभारी द्वारा पीछा कर डबल स्टोरी गणेश मंडप के पास पकड़कर मौके पर उक्त संदिग्ध वाहन स्कार्पियो को चेक करने पर उसमें पुलिस विभाग का नेम प्लेट लगा हुआ एवं पुलिस का सायरन का उपयोग करते हुये मिले। उक्त वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम निखिल उरसा पिता राजू राम उम्र 21 वर्ष पता भैरमगढ़ संजय पारा का रहने वाला बताया एवं उसके साथ बैठे एक अन्य लड़का अपना नाम निखिल सेन उम्र 19 वर्ष पता भैरमगढ़ संजय पारा का होना बताया। जिनसे पुलिस नेम प्लेट एवं सायरन का उपयोग करने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नही दिये। पकड़े गये वाहन चालक निखिल उरसा पिता राजू राम उम्र 21 वर्ष के द्वारा कपटपूर्ण आशय से पुलिस नेम प्लेट एवं सायरन का उपयोग करना पाये जाने से चालक के विरूद्ध धारा 205 बी.एन.एस. के तहत एफआईआर दर्ज कर एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 39/192(1)(बी), 3/181, 100, 184 के तहत कार्यवाही कर उक्त स्कार्पियो वाहन, पुलिस नेम प्लेट, पुलिस हुटर को जप्त कर चालक निखिल उरसा को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक समेत सहायक उप निरीक्षक उत्तम ध्रुव, प्रधान आरक्षक नरेश मंडल, नुरेन्द्र भारती, आरक्षक अजय तेलम, फणीन्द्र नेटी की प्रमुख भूमिका रही।

# निरक्षर को 200 घंटे पढ़ाकर किया जाएगा साक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राष्ट्रव्यापी उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विकासखंड बकावंड में शिक्षा से वंचित निरक्षरों को साक्षर करने के लिए कलेक्टर विजय दयाराम के., जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, साक्षरता जिला परियोजना अधिकारी राकेश कुमार खापर्डे तथा साक्षरता डीएलसी प्रभारी चंद्रकांत पाणिग्रही के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण 12 सितंबर को बीआरसी भवन बकावंड में संपन्न हुआ। जिला साक्षरता प्रभारी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास मिश्रा, जिला के मास्टर ट्रेनर अनंत देवांगन एवं श्रद्धा देवांगन की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। विकास खंड बकावंड के सभी 42 संकुल से सीएसी-शिक्षक कुशल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित हुए। विकास खंड स्त्रोत व्यक्ति के रूप में जिला स्तर से प्रशिक्षित धनंजय बामने, विरंचय बघेल, गंगाराम बघेल, मोहित पाण्डेय, निशा साहू, अनिता कश्यप, चंद्रकला नाग, अंजना चंदेल, कु. नीलावती कश्यप के द्वारा प्रशिक्षण में एक-एक विषय पर विस्तृत रूप से बताया गया कि उल्लास कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित साक्षरता केंद्र के स्वयं सेवी शिक्षकों द्वारा निरक्षर व्यक्तियों को 200 घंटे अध्यापन की व्यवस्था संचालित की जानी है।

### बुनियादी शिक्षा पर चर्चा

साक्षरता के महत्वपूर्ण पांच घटक-बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा, सतत शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गयी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार जन-जन साक्षर करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए स्वयं सेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों तक पहुंचना है।

### बीईओ ने किया प्रेरित

स्वयं सेवी शिक्षक के रूप में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के अध्यनरत विद्यार्थियों को साक्षरता कार्यक्रम में जुड़कर अध्यापन कार्य करने पर 10 अंक बोनस का प्रावधान है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉक के सभी शिक्षकों को इस कार्य को पुरे निष्ठा पूर्वक करने के लिए प्रेरित किया।

